प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा।

कार्यालय आदेश

अपर सचिव–सह–निदेशक, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–1325 दिनांक–27.02.2026 के आलोक में विभाग के स्तर से संस्थान में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मियों की माह–फरवरी, 2026 का Biometric Attendance की प्रति उपलब्ध कराया गया है। साथ ही दिनांक–09.03.2026 को VC के माध्यम से आयोजित बैठक में अन्य विषयों के साथ–साथ शिक्षक/कर्मी के उपस्थिति की भी गहन समीक्षा की गयी है।

अपर सचिव–सह–निदेशक महोदय द्वारा 10:00 AM के बाद एवं 05:00 PM के पूर्व दर्ज Biometric Attendance पर काफी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी शिक्षकों एवं कर्मियों का 10:00 पूर्वाह्न के पूर्व एवं 05:00 बजे अपराहन के बाद ही Biometric Attendance सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है।

विभागीय निदेश के आलोक में संस्थान में पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्त सभी शिक्षकों एवं कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि वे प्रत्येक कार्य दिवस को पूर्वाहन 10:00 बजे से पूर्व एवं अपराह्न 05:00 बजे के बाद दोनों समय अनिवार्य रूप से Biometric System में Attendance दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संस्थान में अपनी पूर्णकालिक उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

One Time Attendance एवं Late Attendance को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शिक्षक एवं कर्मियों के विरूद्व बिहार सेवा संहिता के सुसंगत नियमों के आलोक में उचित कार्रवाई की जायेगी एवं इसकी सूचना विभाग को भी दे दी जायेगी ।

सभी शिक्षक/कर्मी अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

09/03/26

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
दरभंगा

ज्ञापांक– 249 /दरभंगा, दिनांक– 09-03-2026

प्रतिलिपिः– संस्थान के सभी शिक्षकगण/कर्मीगण को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– अपर सचिव–सह–निदेशक, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

09/03/26

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
दरभंगा